RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 52 • 5:03:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

तेलंगाना भाजपा विधायक ने कहा-

## लोकसभा चुनाव में अगर मोदी पीएम नहीं बनेंगे तो हो जाएगा तीसरा विश्व युद्ध



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में लोकसभा चुनाव 2024 की हलचल शुरू हो गई है। बीजेपी के सभी नेता प्रचार में जुट गए हैं। बीजेपी की केंद्रीय समिति ने तेलंगाना के 9 उम्मीदवारों के साथ पहली सूची भी जारी की है। बहरहाल इस बार बीजेपी देश में 400 लोकसभा सीटें जीतने और सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में बीजेपी नेताओं ने मैदानी स्तर पर प्रचार शुरू कर दिया है। मोदी सरकार की ओर से लागू की गई योजनाओं और सुधारों को जन-जन तक पहुंचाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में तेलंगाना के एक विधायक की ओर से दोबारा मोदी सरकार आने की बात कहते हुए की गई टिप्पणी अब चर्चा का विषय बन गई है। आर्मोर बीजेपी विधायक पैदी राकेश रेड्डी ने सनसनीखेज टिप्पणी की।

## सुप्रीम कोर्ट से आप को झटका, पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित पार्टी दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश




दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पार्टी दफ्तर के लिए केंद्र सरकार के पास आवेदन करें। कोर्ट ने कहा कि यह जमीन दिल्ली हाईकोर्ट को दी गई थी। यह अतिक्रमण है। यहां राउज एवेन्यू कोर्ट के लिए अतिरिक्त कोर्टरूम का निर्माण करना है। आगामी चुनावों के मद्देनजर हम आपको अतिरिक्त समय दे रहे हैं।

## किसानों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

● 'वकील पब्लिसिटी के लिए याचिकाएं दायर न करें'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने किसानों की मांगों के मुद्दे पर दायर एक याचिका को वापस लेने की इजाजत दे दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे जटिल मुद्दों पर वकील सिर्फ पब्लिसिटी के लिए अखबारों की रिपोर्ट के आधार पर याचिकाएं दायर न करें। याचिका में मांग की गई थी कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना किसानों का अधिकार है और उनके इस अधिकार का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

## गुजरात में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका, अर्जुन मोढवाडिया का इस्तीफा

### राम मंदिर पर कांग्रेस के स्टैंड पर जताई थी नाराजगी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों से पहले गुजरात में कांग्रेस को बहुत बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कद्दावर नेता और पोरबंदर से विधायक अर्जुन



मोढवाडिया ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके भी बीजेपी में शामिल होने की अनुमान है। मोढवाडिया ने 10 जनवरी को सबसे पहले पार्टी के राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लिए गए स्टैंड का विरोध किया था। इसके बाद से उनके लगातार बीजेपी में जाने की अटकलें लग रही थी। मोढवाडिया ने कांग्रेस छोड़ने से पहले सोशल मीडिया पर अपने बॉयो में बदलावा किया और फिर सीधे वधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी के पास पहुंचकर अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### कभी मोदी के सामने थे चेहरा

अर्जुन मोढवाडिया (67) कांग्रेस से 1997 में जुड़े थे। इसके बाद विधायक और फिर राज्य विधायक सभा में नेता प्रतिपक्ष भी बने। 15 महीने पहले हुए गुजरात विधानसभा चुनावों में मोढवाडिया ने पोरबंदर से जीत हासिल की थी। मौजूदा विधानसभा में वह कांग्रेस के सबसे मुखर विधायक थे। मोढवाडिया 2004 से 2007 के बीच राज्य में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने कांग्रेस को प्रमुख चेहरा था।

तेलंगाना के आदिलाबाद में पीएम मोदी बोले

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है

● देशवासियों के लिए बचपन में घर छोड़ा था, इन्हीं के लिए पूरा जीवन खपा दूंगा ● 56 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। इसके बाद उन्होंने यहां एक रैली को संबोधित किया। 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने परिवारवाद, कांग्रेस, बीआरएस और तेलंगाना के विकास पर बात की।



पीएम ने कहा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है, जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है।

### ये चुनावी सभा नहीं, तेलंगाना के विकास का उत्सव है

पीएम ने कहा- जैसे ही मैंने करोड़ों रुपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है। विकास परियोजनाओं को 'चुनावी' रणनीति बताने वालों को पिछले 15 दिनों का हिसाब देना चाहिए। पिछले 15 दिनों में हमने 2 आईआईटी, 1 आईआईआईटी, 3 आईआईएम, 1 आईआईएस और 5 एआईआईएमएस का उद्घाटन किया है।

## शाह-नड्डा ने एक्स पर लिखा- मोदी का परिवार




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में सोमवार को आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव के 'परिवार' वाले बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा- इन्हें बताना चाहता हूं कि मेरा देश, 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। पीएम की स्पीच के कुछ देर बाद भाजपा नेताओं ने अपने एक्स प्रोफाइल पर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखना शुरू कर दिया। अमित शाह, जेपी नड्डा, स्मृति ईरानी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान और किरेन रिजिजू जैसे बड़े नेताओं ने प्रोफाइल नेम चेंज कर दिया

**बीजेपी सांसद बोले- मोदी ने देश के लिए खुद को समर्पित किया-** बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पूरा देश उनका परिवार है। जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, वह सीमा पर सैनिकों के साथ दिवाली मनाते हैं। वे उनका परिवार हैं। जब उन्होंने अपने देश के लिए खुद को समर्पित करने के लिए अपने परिवार को छोड़ा, उसी क्षण उन्होंने प्रतिज्ञा की, पूरा देश उनका परिवार है।

## सम्राट चौधरी ने बेतिया में किया प्रेस को संबोधित

**बिहार में पूरी तरह कानून का राज्य होगा, अपराधियों, शराब माफियाओं एवं भू माफियाओं की अब खैर नहीं - सम्राट चौधरी**

चाणक्य भूमि। बेतिया




पश्चिम चंपारण बिहार का मुकुट है जिसने पूरे देश को राजनीतिक, संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत दिया है। जहां पश्चिमी चंपारण की बेतिया में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 6 मार्च को आगमन होने वाला है। मैं चंपारण के लोगो से आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उनका स्वागत करें और उनकी आमसभा से लाभ उठाएं। उक्त बातें मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कही। सम्राट चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगे कहा कि जब से हमारी सरकार बिहार में सत्ता संभाली है तब से 70000 करोड़ की योजना युद्ध स्तर पर बिहार में चल रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से कानून का राज्य चलेगा अपराधियों का राज्य का खात्मा कर दिया जाएगा। हमारे शासन में अपराधियों, शराब माफियाओं एवं भू माफियाओं की नहीं चलने दी जाएगी। इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगे उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से बेगूसराय व औरंगाबाद में लाखों लाख की संख्या में पहुंचकर लोगों ने हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया है। मैं उसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं और अपील करता हूं कि उससे भी अधिक लोग बेतिया में पहुंचकर उनका स्वागत करें। इस मौके पर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व पर्यटन मंत्री नारायण प्रसाद , योगापट्टी विधायक विनय बिहारी ,चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित थे । इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एनडीए के घटक दलों के कार्यकर्ताओं की एक समन्वय बैठक भी की और कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है।

## लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार का मास्टरस्ट्रोक

### 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये

**लोकसभा की 7 सीटें जीतने के लिए आप ने चला बड़ा दांव**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार ने शहर की महिलाओं को एक बड़ा तोहफा दे दिया है। केजरीवाल सरकार की तरफ से वित्त वर्ष 2024-24 के लिए बजट पेश किया गया। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने बजट में महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की। इस योजना के तहत दिल्ली की 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को प्रतिमाह 1000 रुपये दिए जाने का प्रावधान है। लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार की इस योजना को मास्टर स्ट्रोकमाना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निश्चित रूप से इस योजना का दिल्ली के लोकसभा चुनाव में 7 सीटों पर पड़ेगा। हालांकि, अंतिम प्रभाव तो चुनाव परिणाम के बाद ही सबके सामने होगा।

दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने महिलाओं के लिए पहले ही डीटीसी बसों में यात्रा मुफ्त कर रखी है। इस योजना को लेकर दिल्ली में महिलाओं में केजरीवाल सरकार पहले से अधिक लोकप्रिय है। ऐसे में आम चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार ने महिलाओं को लिए एक और तोहफा दे दिया है।

## अनंत की शादी ने जामनगर के आसमान में लगा दिया 'ट्रैफिक जाम'

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** देश में इस समय मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिक मर्चेंट की शादी को लेकर खूब चर्चा हो रही है। गुजरात के जाम नगर में हो रहे प्री-वेडिंग फंक्शन ने देश-दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। खास बात



है कि पिछले तीन दिन में जामनगर में 350 विमानों ने उड़ान भरी हैं। शादी हो तो ऐसी, जिसके हर इवेंट दिलो दिमाग पर छाने वाले हों। और जब बात है देश के उद्योगपति मुकेश अंबानी की है, तो इनके हर अंदाज ही निराले हैं। मुकेश और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की बिलेनियर प्री-वेडिंग में देश-विदेश से आमंत्रित किए गए मेहमानों को लाखों-करोड़ों रुपये के रिटर्न गिफ्ट दिए गए हैं।

म.प्र. में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का तीसरा दिन

## ब्यावरा पहुंचे राहुल गांधी; गुना में बोले- जातिगत जनगणना क्रांतिकारी कदम

**भोपाल/गुना (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ब्यावरा पहुंची। यहां रोड शो किया। राहुल गांधी ने भाटखेड़ी में किसानों से संवाद किया।

इससे पहले गुना में सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, देश में पब्लिक सेक्टर की यूनिट कांग्रेस लेकर आई। हम चाहते हैं कि 90 प्रतिशत भारतीयों को न्याय मिले। इसके लिए क्रांतिकारी कदम है- जातिगत जनगणना। इससे पता चल जाएगा कि किसके हाथ में कितना धन है?



मध्यप्रदेश में न्याय यात्रा के तीसरे दिन आज सुबह राहुल ग्वालियर के मोहना पहुंचे थे। ग्वालियर के बाबू क्वार्टर से शुरू होकर यात्रा शिवपुरी, फिर गुना पहुंची। गुना में समर्थकों ने राहुल का स्वागत आतिशबाजी से किया। राघौगढ़ में सभा के बाद लंच ब्रेक हुआ। इसके बाद यात्रा बीनागंज, फिर ब्यावरा पहुंची है।

**राहुल की शादी में पहुंचे राहुल गांधी**

राघौगढ़ से ब्यावरा के रास्ते में राहुल गांधी वापची गांव में रुके। यहां उनके स्वागत में खड़े लोगों ने कहा, गांव में शादी है। आप भी चलिए। इस आग्रह पर राहुल विवाह स्थल पहुंच गए। जिस युवक की शादी वे पहुंचे, उसका नाम राहुल पंवार है।

## पेपर लीक कर पास हुए 12 सब-इंस्पेक्टर पकड़ाए

**जयपुर (एजेंसी)।** एसआई भर्ती 2021 भी अब संदेह के घेरे में आ गई है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम सोमवार सुबह राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) पहुंची। टीम ने वहां ट्रेनिंग ले रहे 12 सब-इंस्पेक्टर (एसआई) को पकड़ा। साथ ही एक एसआई को किशनगढ़ ट्रेनिंग सेंटर तो एक-एक को भीनमाल और गुढ़ामलानी से हिरासत में लिया। 15 एसआई को टीमें जयपुर एसओजी मुख्यालय में लेकर आई है। अब पूछताछ की जा रही है। जानकारी मिली है कि इनमें इस बैच का टॉपर भी शामिल हैं।

## जयपुर में बेसमेंट की मिट्टी गिरने से 3 की मौत

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी गिरने से तीन की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। करीब 20 मिनट की मेहनत के बाद जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला गया। सभी को 108 एंबुलेंस की मदद से एसएमएस हॉस्पिटल ट्रोमा सेंटल ले जाया गया।

## इसरो चीफ सोमनाथ को कैंसर, इंटरव्यू में कन्फर्म किया



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ (60) को कैंसर होने का पता चला है। सोमनाथ ने एक मीडिया हाउस को दिए इंटरव्यू में इस बात को कन्फर्म किया है। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग (23 अगस्त) के समय से स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशानियां आ रही थीं। हालांकि उस समय कुछ भी क्लियर नहीं था। मुझे भी इसे (कैंसर) लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। इसरो चीफ ने ये भी कहा कि आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग (2 सितंबर) के दिन रूटीन चेकअप के गया तो स्कैन में पेट में कैंसर कोशिकाओं में ग्रोथ का पता चला। सोमनाथ का ऑपरेशन हो चुका है। कीमोथेरेपी भी हुई।

## शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री बने



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** सोमवार 4 फरवरी 2024 को शाहबाज दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। इसके पहले वो अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक पीएम रह चुके हैं।

रामलला के दरबार में दंडवत हुए म.प्र. के सीएम मोहन यादव

## अयोध्या में कैबिनेट के साथ किए भगवान राम के दर्शन; मंदिर में गाई राम धुन

**अयोध्या/भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने परिवार के साथ अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन किए। सीएम और उनकी पत्नी ने भगवान राम के सामने दंडवत होकर प्रणाम किया।

दर्शन के बाद सीएम ने कहा- जीवन धन्य हो गया। प्रभुराम का दर्शन कई जन्मों के पुण्य कर्मों का प्रसाद होता है। ऐसा लगा प्रभु श्रीराम अपने रूप में साक्षात विराजमान हैं। यही कामना की है कि भगवान राम सब पर कृपा करें। हमारी सनातन संस्कृति की ध्वजा इसी तरह लहराती रहे।

भगवान रामलला के मंदिर में सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ राम धुन श्रीराम, जय राम जय जय राम भी गाई। इससे



पहले अयोध्या पहुंचे सीएम और उनकी टीम का यहां जोरदार स्वागत किया गया। मंत्रियों ने जय श्री राम के नारे लगाए। कैलाश विजयवर्गीय ने बस में ही भजन गाया राम आए हैं तो राम राज्य लाएंगे।

### जगह मिलेगी, तो अयोध्या में मप्र भवन बनाएंगे

इससे पहले मुख्यमंत्री ने शनिवार को उज्जैन में कहा था, हमारी मंशा है कि अगर उचित जगह मिल जाएगी तो मध्यप्रदेश से जाने वाले लोगों के लिए मप्र भवन का निर्माण भी अयोध्या में कराया जाएगा। सरयू नदी के किनारे सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर घाट बनाने का काम भी किया जाएगा।

### पं.प्रदीप मिश्रा बोले- आपकी श्रद्धा, आप जिस भाव से जाओ

भोपाल एयरपोर्ट पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आज पूरा मंत्रिमंडल अयोध्या जा रहा है, इसके लिए पूरे मंत्रिमंडल को साधुवाद और बधाई। पत्नी और परिवार के साथ अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के सवाल पर पंडित मिश्रा ने कहा कि ये भगवान राम के दर्शन की महत्ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूबे के सभी विश्वविद्यालयों के आय-व्यय का होगा ऑडिट

**भागलपुर, एजेंसी।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय समेत बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के आय-व्यय का ऑडिट होगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने ऑडिट टीम का गठन कर दिया है। इस बाबत शिक्षा विभाग की निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने टीएमबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को पत्र लिख दिया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि विश्वविद्यालयों में वेतन, बकाया वेतन, विभिन्न अधिप्राप्ति, व्यय, क्रय आदि से संबंधित फाइल का ऑडिट होगा। इसको लेकर गठित ऑडिट टीम में वरीय ऑडिटर विंध्याचल प्रसाद व सीए शिलेश कुमार को रखा गया है। ऑडिट टीम को उसकी जररूत के अनुसार फाइल को उपलब्ध कराया जाए, ताकि टीम दो निर्धारित समय सीमा के अंदर आडिट का काम पूरा कर सके।

### बरारी के मॉल में लड़की से छेड़खानी का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**भागलपुर, एजेंसी।** बरारी थाना क्षेत्र स्थित एक मॉल में काम करने वाली महिला स्टाफ से छेड़खानी का विरोध करने पर वहीं काम करने वाले युवक की बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष अपनी शिकायत लेकर रविवार की रात लगभग दस बजे बरारी थाना पहुंचा। युवक ने पुलिस को बताया कि मॉल के अंदर महिला स्टाफ से लफंगा छेड़खानी कर रहे थे उसने जब देखा तो उन लोगों का विरोध किया। उसी का बदला लेने के लिए आरोपी उसके घर पहुंच गए और पिटाई कर दी। बरारी थानेदार ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बरारी थाने पर काफी देर तक जमघट लगा रहा।

### थर्ड जेंडर से जुड़े कानून को लेकर प्रशिक्षण

**भागलपुर, एजेंसी।** थर्ड जेंडर से जुड़े कानून के प्रति पुलिस को जागरूक करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को समीक्षा भवन में आयोजित किए गए कार्यकम में एक्सपर्ट ने पुलिस पदाधिकारियों को थर्ड जेंडर से जुड़े कानून की जानकारी दी। इस दौरान सभी थानेदार, सर्किल इंस्पेक्टर मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों को बताया गया कि वैसे मामलों में बेहतर अनुसंधान कर उचित न्याय दिलाना जरूरी है। भागलपुर के अलावा बांका और नवगछिया के पुलिस पदाधिकारियों को थर्ड जेंडर के साथ होने वाले भेदभाव पर रोक को लेकर भी उचित कार्रवाई को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान एनजीओ से जुड़े लोगों ने भी विस्तार से जानकारी दी।

### अग्निपीड़ितों के लिए सामुदायिक किचेन शुरू

**मुजफ्फरपुर/बंदरा, एजेंसी।** एक संवाददाता। हत्था में शनिवार को हुई भीषण अगलगी के बाद अग्निपीड़ित परिवारों को रहने और खाने चिंता सता रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को हो रही है। रविवार को जदयू नेता प्रभात किरण ने अग्निपीड़ितों से मुलाकात की। बताया कि डीएम से मिलकर आवास दिलाने की मांग करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज झा, जिला महासचिव जयप्रकाश राय, उपमुखिया अजय राय, संजीत गुप्ता मौजूद थे। इधर, सीओ अंकुर राय ने बताया कि अग्निपीड़ितों को प्लास्टिक शीट उपलब्ध करा दी गई है। सामुदायिक किचेन, रहने के लिए टेंट और बिछावन की व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही सभी को सहायता राशि उपलब्ध कर दी जाएगी।

### बाबा गरीबनाथ मंदिर में बाबा को चढी हल्दी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी तिथि पर रविवार की रात बाबा गरीबनाथ को शिवरात्री को लेकर पूरे विधि-विधान से हल्दी चढायी गयी। मंदिर के पुजारी पंडित आशुतोष पाठक उर्फ डाबर बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा गरीबनाथ का षोडशोपचार पूजन करने के उपरांत हल्दी चढायी और धूप-दीप से आरती की। मौके पर संत अमरनाथ पांडे, चंदन झा, प्रभात कुमार, अंशू तिवारी, सुनील कुमार, लड्डू, निशांत, बबलू, मुकेश, सुधीर आदि लोग मौजूद रहें।

# बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद अमित शाह का पहला दौरा, 9 मार्च को पटना में महारैली



**सूत्रों के अनुसार इस रैली में एक लाख लोगो को जुटाने के लिए भाजपा तैयारी कर रही हैं**

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 9 मार्च को पटना जिले के पालीगंज आएंगे। वे अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित कृषि फॉर्म के मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। एनडीए सरकार बनने के बाद वे पहली बार बिहार आ रहे हैं। रैली को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। अमित शाह की रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा ने अपने सभी कमेटियों को निर्देशित करते हुए जी जान लगा देने के लिए कहा है।

सूत्रों के अनुसार इस रैली में एक लाख लोगो को जुटाने के लिए भाजपा तैयारी कर रही हैं। अमित शाह के सामने भाजपा को शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए जीतोड़ कोशिश करेगी। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ आरा, जहानाबाद, पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भी लोगों को बुलाने की तैयारी है। सभी मंडल कमेटियों को इसके लिए रोड मैप तैयारी करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार में भी बीजेपी पूरी तरह एक्टिव हो गई है। बीते 2 मार्च को पीए मोदी ने चुनावी शंखनाद किया था। औरंगाबाद और बेगूसराय में 48000 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नाम लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधा था। और कहा था कि नौकरी के नाम पर युवाओं की जमीन कब्जा ली। साथ ही कांग्रेस और आरजेडी पर परिवारवाद का आरोप लगाया था।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीते साल दिसंबर में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे थे। जिसमें सीएम नीतीश ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा देने की डिमांड की थी। वहीं शाह ने कहा था कि जब उनकी पार्टी की बिहार में सत्ता थी। तो जाति आधारित सर्वेक्षण का समर्थन किया था। शाह के इस दौरे के दौरान बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। और नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के सहयोगी थे। लेकिन अब बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। नई सरकार के गठन के बाद 9 मार्च में अमित शाह का पहला बिहार दौरा होगा।

## बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात, प्रधानमंत्री मोदी दिखा सकते हैं हरी झंडी



**पटना, एजेंसी।** बिहार के जल्द ही एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। यह ट्रेन राजधानी पटना से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलाई जाएगी। इस ट्रेन का संचालन पटना से कटिहार और किशनगंज होकर किया जाएगा। इससे सीमांचल के लोगों को कम समय में पटना आने-जाने की सुविधा मिलेगी। पीएम मोदी 6 मार्च को बेतिया में जनसभा के दौरान इस ट्रेन की शुरुआत कर सकते हैं। पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से जोगबनी न्यू जलपाईगुड़ी का उद्घाटन किया। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान बीजेपी एमएलसी दिलीप जायसवाल और पार्टी जिलाध्यक्ष सुशांत दास समेत अन्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 6 मार्च को किशनगंज के रास्ते न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत हो सकती है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को बेतिया में जनसभा करने वाले हैं। इस दौरान वे बिहार समेत देशभर को करीब 19 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई जा सकती है। बता दें कि पटना से चलने वाली यह तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी। अभी पटना से रांची और हावड़ा के बीच वंदे भारत का संचालन किया जा रहा है। न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को पिछले साल के अंत में ही चलाने की तैयारी थी। मगर किन्हीं कारणों की वजह से इसे नहीं शुरू किया गया। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी महीने यह ट्रेन शुरू हो जाएगी।

## हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज : आपसी विवाद को लेकर भतीजे ने किया था हमला

### मृतक की पत्नी के बयान पर केस दर्ज

**आरा, एजेंसी।** नवादा थाना क्षेत्र के महादेव रोड मोहल्ले में मंजय प्रसाद की नृशंस हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी किरण देवी के बयान पर हुई प्राथमिक में गोतनी रीना देवी पति, अरुण सिंह और 2 भतीजे विशाल कुमार और अरुण कुमार को नामजद आरोपित किया गया है। इस हत्याकांड के बाद सभी आरोपित घर छोड़कर फरार हैं। नगर थाने की पुलिस पिता समेत तीन संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### जान से मारने की धमकी दी थी

प्राथमिक में किरण देवी ने कहा कि उनके पति मंजय प्रसाद तीन भाई थे। जिसमें दो भाई संजय सिंह और अरुण सिंह महादेव घर छोड़कर धरहरा रहने चले गए थे। उनके भैसूर अरुण सिंह की पत्नी रीना देवी करीब 20 साल पहले अपने दोनों बच्चों विशाल कुमार और अरुण कुमार को लेकर अपनी बहन के पास मौलाबाग मोहल्ले में चली गई थी ।

करीब 6 माह पूर्व विशाल कुमार और आदित्य कुमार महादेव स्थित घर पर आए थे और अपने कमरे के लिए बिजली मांग रहे थे। तभी उनके पति ने अलग मीटर लगाने को बात कही थी। इसके बाद दोनों भाई मीटर उखाड़कर चले गए थे। दस दिन पूर्व उनकी गोतनी रीना देवी अपनी दोनों बेटों के साथ आई और झगड़ा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा था कि अपने नाम से मीटर ले लीजिए। इस पर जान से मारने की धमकी देकर सभी चले गए थे ।



### चाकू से चार बार वार किया था

शनिवार की दोपहर उनका भतीजा विशाल कुमार घर पर आया था और किसी लड़की को घर में रखने की बात बोल रहा था। तभी उनके पति ने कहा कि अगर तुम शादी किए हो तो रख सकते हो, लेकिन दूसरी लड़की को यहां रहने नहीं दूंगा। यह पारिवारिक घर है होटल या लॉज नहीं है। इसके बाद भतीजे ने कमर से चाकू निकाला और पति पर चार जगह पर वार कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। कहा जल्द सभी की गिरफ्तारी होगी।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, सक्षमता परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड लेकर लौट रहा था, गाड़ी ने मारी टक्कर



**अररिया, एजेंसी।** अररिया के जोकीहाट बहादुरगंज मार्ग के एनएच 327 ई पर रविवार की देर शाम 8~30 के करीब फैटकी पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा जोकीहाट थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची जोकीहाट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए घटना की जांच में जुट गई है। वही मृत बाइक सवार की पहचान जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के मटियारी पंचायत के सिंगरमोहनी टोला वार्ड संख्या 11 निवासी अब्दुल रकीब के 37 वर्षीय पुत्र तारिक अनवर के रूप में हुई है। मृतक जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हैय्या धार के नियोजित शिक्षक है। जो साक्षमता परीक्षा का एडमिट कार्ड निकलवाने अररिया गए थे। इसी दौरान अररिया से लौटने के क्रम में जोकीहाट बहादुरगंज मार्ग में एनएच 327 ई पर फैटकी पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मृतक की तलाशी ली तो जेब से एडमिड कार्ड, मोबाइल सहित तीस रुपये बरामद हुए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना जोकीहाट थाना पुलिस को दी, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर घटनास्थल पर पहुंचे जोकीहाट थाना से बसंत कुमार घटना की जांच पड़ताल में जुटे शव को कब्जे में लेते हुए घटना के जांच में जुट गई और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देने की बात कही जा रही है।

## नीतीश सरकार ने आमिर सुबहानी को सौंपी नई जिम्मेदारी, इस आयोग का बनाया अध्यक्ष

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्य सचिव के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आमिर सुबहानी को बिहार सरकार ने एक नई जिम्मेदरी सौंपी है. आमिर सुबहानी को बिहार का नया बिहार विद्युत विनियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. इसके साथ ही वो आयोग के छठे अध्यक्ष होंगे. रविवार को यह जानकारी एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके दी गई. यह अधिसूचना सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा के द्वारा चार मार्च को राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालने की घोषणा के एक दिन बाद जारी की गई है. बता दें कि आमिर सुबहानी राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के द्वारा शपथ ग्रहण कराने के बाद अध्यक्ष पद का विधिवत कामकाज संभालेंगे. ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस की ओर से उनके अध्यक्ष बनने की अधिसूचना जारी कर दी गई है.



जारी किए गए अधिसूचना में कहा गया है कि आमिर सुबहानी जिस दिन से विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे उस दिन से पांच साल तक या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, आयोग का नेतृत्व करेंगे. बता दें कि 1987 में सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाले सुबहानी ने दिसंबर, 2021 में बिहार के मुख्य सचिव का पद संभाला था. जारी अधिसूचना में आगे कहा गया है कि 'बिहार विद्युत विनियामक आयोग (अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवाशर्त) नियमावली, 2003 के द्वारा बिहार सरकार में अध्यक्ष एवं उसके सदस्यों की सेवाशर्त को विहित किया है. इस सेवाशर्त के मुताबिक आमिर सुबहानी को अध्यक्ष पद के लिए पेंशन की सकल रकम के साथ-साथ उसमें किसी साराशिकृत अंश, यदि पहले से प्राप्त कर रहे हो, की कटौती के अध्यधीन प्रति माह दो लाख पच्चीस हजार रुपये वेतन देय होगा. बता दें कि आयोग के पहले अध्यक्ष जस्टिस बीएन पी सिंह थे.

## हत्याकांड में शामिल आरोपितों के घर की कुर्की जब्ती



### वारदात में शामिल तीन के घर पहुंची पुलिस, चौथे के खिलाफ अभी कुर्की वारंट जारी नहीं

**आरा, एजेंसी।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोहल्ले में आठ दिनों पूर्व मुकेश हत्याकांड मामले में वांछित तीन आरोपितों के घर कुर्की जब्ती हुई है। पुलिस चौखट दरवाजा से लेकर खिड़की तक उखाड़ कर लेती गई। मुख्य आरोपित रणधीर महतो के अनाईठ स्थित आवास और पैतृक गांव आयर थाना क्षेत्र गांव में जाकर थाना के बनकट के समीप दोनों जगह पर व्यापक ढंग से कुर्की जब्ती की गई।

**खिड़की का ग्रिल भी उखाड़ा :** अनाईठ आवास से पलंग, सोफा, 2 बाइक, टीवी और वाशिंग मशीन समेत 36 प्रकार का चलंत सामान जब्त किया गया है। चौखट दरवाजे से लेकर खिड़की का ग्रिल तक उखाड़ लिया। इसके बाद उसके पैतृक घर पर भी देर शाम तक कुर्की चलती रही। इसके अलावा गड़हनी थाना के असलान गांव निवासी पंकज कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर निवासी वकील उर्फ अमित के घर भी कुर्की की गई।

**एक आरोपी के खिलाप कुर्की वारंट जारी नहीं :** मालूम हो कि 23 फरवरी की देर शाम किराएदार के साथ मारपीट के बाद विवाद में मुकेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी सीमा देवी के बयान पर नवादा थाना में प्राथमिकी में अनाईठ निवासी रणधीर महतो, गड़हनी थाना के असलान गांव निवासी पंकज कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव निवासी वकील अमित और आर्यन को नामजद आरोपित किया गया है । वारदात के बाद सभी आरोपित फरार हैं। चौथे आरोपित आर्यन के विरुद्ध अभी कुर्की की वारंट निर्गत नहीं हुआ है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में टीम को लगाया है।

### एक सीटेट नंबर पर भागलपुर समेत पांच जिलों में शिक्षक पदस्थ

**भागलपुर, एजेंसी।** नालंदा में सक्षमता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के दौरान शिक्षकों के कागजातों की हुई जांच में भारी गड़बड़ी सामने आई है। उस गड़बड़ी की जांच की आंच भागलपुर भी पहुंच गई है। दरअसल, पिछले दिनों सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन करने के दौरान नालंदा में कुल 71 शिक्षकों के कागजातों की जांच में एक ही सीटेट प्रमाणपत्र नंबर पर भागलपुर समेत पांच जिलों में शिक्षकों के कार्यरत होने का मामला उजागर हुआ। इसके बाद इन सभी शिक्षकों की सूची माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भेज दी गई। जांच के दौरान यह सामने आया कि सीटेट नंबर 230309272 पर नालंदा के मोसिमपुर चंडी में शिक्षक परमानंद कुमार सिंह, भागलपुर में अरुण राय, कटिहार में जमा नाज, सीतामढ़ी में कुमारी अनुराधा व बेगूसराय में सदानंद नाम के शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बाद भागलपुर, अररिया, मुंगेर, कटिहार, बांका व जमुई समेत 22 जिलों को निदेशालय ने अपने-अपने यहां जांच का निर्देश दिया है। इस बाबत डीपीओ (स्थापना) देवनारायण पंडित ने बताया कि शिक्षकों के कागजातों की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री की बेतिया रैली को सफल बनाने हेतु भाजपा नेता प्रयासरत

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** भाजपा नेता तथा पुर्व एडीजी, भारत सरकार एपी पाठक अपने "चंपारण चरण" अभियान के तहत वाल्मिकीनगर लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर है जहाँ उन्होंने अपने जनसंपर्क और लोक संवाद को मोदी जी के विकसित भारत संकल्प अभियान से चंपारण को जोड़ते हुए "विकसित भारत, विकसित चंपारण " अभियान का आगाज किया है। मिडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से वो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की 6 मार्च को चंपारण की धरती पर हजारों करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और उद्घाटन का कार्यक्रम है तथा एक रैली भी है जिसको लेकर तैयारियों और जनता दर्शन और जनता संवाद में लगे है। वाल्मिकीनगर लोकसभा क्षेत्र के कई विधानसभाओं के अलग अलग कस्बों,गांवों में जाकर भाजपा नेता तथा पुर्व एडीजी एपी पाठक 6 मार्च को मोदी जी की कार्यक्रम में भाग लेने हेतु लोगों को निमंत्रण दे रहे है और लोगों के बीच जागरूकता ला रहे है। डिजिटल माध्यमों,सोशल मिडिया और फोन कॉल्स द्वारा भी एपी पाठक द्वारा संचालित बाबु धाम ट्रस्ट के सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क और समन्वय द्वारा मोदी जी की 6 मार्च को बेतिया की रैली को सफल बनाने हेतु लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एपी पाठक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की चीर प्रतिष्ठित योजनाओं,कार्यक्रमों जैसे "चलों गांव की ओर अभियान", लाभार्थी संपर्क योजना के तहत गांव गांव जा रहे है और लाभार्थियों के घर जाकर उनकी लाभ वाली योजनाओं का फीडबैक ले रहे है और उनके बीच देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के तरफ से प्रणाम, अभिवादन कर रहे है। अपने दौरे में एपी पाठक जहां अपने तरफ से 6 मार्च को बेत्तिया में मोदी जी की रैली में सैकड़ों गाड़ियों और हजारों लोगों के साथ मोदी जी की रैली को सफल बनाने हेतु जनता के बीच जाकर तैयारी कर रहे है साथ ही प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा चलाई जा रही "उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, विश्वकर्मा योजना, लखपत्ती दीदी, किसान सम्मान निधि योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,महिला स्वावलंबन, अटल पेंशन योजना, पीएम सुरक्षा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,रोजगार सृजन कार्यक्रम" योजनाओं आदि लाभार्थियों के बीच जा रहे है और नए लोगों के बीच उन योजनाओं की जानकारी दे रहे है। थरुहट की आदिवासी महिलाओं के बीच जाकर" मोदी जी की गारंटी" अभियान को उनके बीच विश्वास और जागृति ला रहे है और उनको केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति और मुखर कर रहे है। साथ ही 6 मार्च को मोदी जी की बेत्तिया की रैली में भाग लेने हेतु निमंत्रण दे रहे है।

## कार दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**मोतिहारी में पुल से जा टकराई अनियंत्रित कार, एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत,एक गंभीर रूप से घायल**

**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** मोतिहारी में भीषण सड़क हादसा हुआ। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया देवी माई स्थान के पास की है, जहां इनोवा कार सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल है, जबकि एक अन्य का कुछ पता नहीं चल रहा। मिली जानकारी के अनुसार कार में पांच लोग सवार होकर पटना जा रहे थे, इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से जा टकराई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, वहीं उनके ड्राइवर का कुछ अता-पता नहीं चला है। बताया जाता है कि सिर्फ ड्राइवर के सामने वाला एयर बैग ही खुला है, जिससे आशंका जाहिर की जा रही है कि ड्राइवर सुरक्षित हो और फरार हो गया हो। मिली जानकारी के अनुसार रक्सौल थाना क्षेत्र के 11 नंबर वार्ड मारवाड़ी गली के रहने वाले गणेश शंकर मस्करा, जो कि पेशे से एक पत्रकार हैं, अपने परिवार के साथ इनोवा गाड़ी से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। गाड़ी में गणेश के अलावा उनके पिता श्रवण मस्करा, उनकी मां प्रेमा मस्करा और पत्नी प्रेमा मस्करा समेत ड्राइवर शंभू सवार थे। गणेश को माता पिता के इलाज के लिए पटना से फ्लाइट पकड़ना था। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और तीनों शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। वहीं घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए आरसी मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचा तो गाड़ी में चार लोग थे, ड्राइवर नहीं था, तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। एक व्यक्ति जख्मी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### माँझी पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**छपरा।** महाशिवरात्रि, होली व आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान शांति- व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जो माँझी ब्लॉक, मांझी चट्टी, सुघर छपरा, चैनपुर,शनिचरा बाजार, गढ़ बाजार, मियांपट्टी, डुमरी, मेहंदीगंज, हसनअली बाजार होते हुए स्थानीय थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। उधर ताजपुर, चेंफुल, कटोखर, मोहम्मदपुर में भी पुलिस जवानों ने पैदल मार्च किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने सभी चौक- चौराहों पर लोगों से महाशिवरात्रि एवं होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलने अथवा असमाजिक तत्वों के द्वारा समाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की संभावना पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। वहां थानाध्यक्ष ने बताया कि शांति-व्यवस्था भंग करने वालों व अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। हम हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से संकल्पित हैं।

### शराब व शराब तस्करों पर रखें विशेष नजर मैनाटांड इंस्पेक्टर, सरफराज अहमद

**बेतिया।** मैनाटांड पुलिस अंचल कार्यालय में सोमवार को क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर सरफराज अहमद ने सबसे पहले पुलिस और पब्लिक के बीच मित्रवत व्यवहार रखने एवं अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इंस्पेक्टर श्री अहमद ने पंजियों का अवलोकन कर वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने एंव लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शराब एवं शराब तस्करों के खिलाफ नकेल कसने की बात कही। बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार,मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी,पुरूषोतमपूर के संजीव कुमार भंगहा के राहुल प्रसाद,बलथर के नितिश कुमार,सिकटा के राज रौशन, इनरवा के पुअनी मनीष बंसल,कंगली के पुअनि अर्चना सिन्हा मौजूद रहें।

### बीडीसी की बैठक में मनरेगा जेई की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए सदस्यों ने किया हंगामा

**छपरा।** पानापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित इ किसान भवन में सोमवार को प्रखंड प्रमुख पुष्पा देवी की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक हुई। इस बैठक में मनरेगा जेई की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए सदस्यों ने हंगामा किया। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जेई से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। कुछ सदस्यों ने बरसात के मौसम में सर्पदंश से होनेवाली मौतों को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र में सर्पदंश निवारण केंद्र खोले जाने की मांग की इसके अलावे बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई अंत मे सर्वसम्मति से मनरेगा वार्षिक कार्ययोजना 2024-25 पारित किया गया। बैठक में बीडीओ राकेश रौशन, सीओ महम्मद जमशेद, नेमा सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, जलेश्वर मांझी, पूनम देवी, शत्रुघ्न प्रसाद सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पीएम की बेतिया आगमन पर बेतिया को देश का 5वा मेट्रो सिटी बनाने की मांग

**बेतिया में विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय संग्रहालय बनाने का मांग किया मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट ने**

चाणक्य भूमि। बेतिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेतिया आगमन पर डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा एजाज अहमद अधिवक्ता डॉ सुरेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक अध्यक्ष मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक, डॉ शाहनवाज अली ने संयुक्त रूप से कहा कि सत्याग्रह की जन्मस्थली बेतिया पश्चिम चंपारण से पंडित जवाहरलाल नेहरू का गहरा लगाव रहा। चंपारण सत्याग्रह के बाद 15 जनवरी 1934 को बिहार में आए भीषण भूकंप में राहत कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। देश की स्वाधीनता के बाद प्रोफ़ेसर शिबन लाल द्वारा उत्तर प्रदेश ,बिहार एवं नेपाल के क्षेत्रों को बाढ़ एवं कटाव से बचाने के लिए प्रोफेसर शिबन लाल के 28 दिवसीय आमरण अनशन के बाद भारत सरकार एवं नेपाल सरकार ने बाल्मीकि बराज बनाने का निर्णय लिया था।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू गंडक बराज के शिलान्यास के लिए अपनी पुत्री इंदिरा गांधी के साथ वाल्मीकिनगर गंडक बराज के शिलान्यास के लिए बेतिया पश्चिम चंपारण पहुंचे थे। बेतिया पश्चिम चंपारण के प्राकृतिक संसाधनों एवं बेतिया राज के स्थिति को देखते हुए बेतिया को भारत का पांचवा मेट्रो सिटी बनाने की घोषणा की थी। स्मरण रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मई 2014 को बेतिया के ऐतिहासिक बड़ा रमना के मैदान में" बेतिया को पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा भारत का पांचवा मेट्रो सिटी बनाने की बात का जिक्र किया था एवं बेतिया के विकास की बात की थी ।इस अवसर पर वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है। भारत सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है की बेतिया को देश का पांचवा मेट्रो सिटी बनाए ताकि पंडित जवाहरलाल नेहरू के सपनों को साकार करे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बेतिया पश्चिमी चंपारण में एक विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय संग्रहालय बनाने की मांग पुनः सरकार से की ,ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास को जान सके।

## स्वतंत्र मीडिया परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री तबरेज आलम अपने पूरे परिवार के साथ उमरा के लिए रवाना

चाणक्य भूमि। बेतिया



रामनगर से आधा दर्जन मुस्लिम समुदाय के पुरुष व महिला के साथ समाजसेवी सह स्वतंत्र मीडिया परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री तबरेज आलम पूरे परिवार के साथ हज उमरा को लेकर मक्का शरीफ के लिए रवाना हुए तबरेज आलम ने बताया कि काबा में नमाज अदा करना खुदा के दरबार से रू ब रू होने का एहसास दिलाता है। पाक परवर दिगार ने हमें ये मौका फरमाया ये हमारे लिए जहे नसीब है। जाहिद अली ने दुनिया को पैगाम देते हुए कहा कि उम्र इबादतों में गुजर जाता है लेकिन काबा में कदम रखना सबके तकदीर में नहीं होता है। खुदा के शुक्रगुजार हैं कि तबरेज आलम को खुदा ने अपने पनाह में नमाज अदा करने का मौका फरमाया है। कहते हैं की खुदा चाहे तो रेगिस्तान में भी आबे जम जम का दरिया बहा दें इस वाकया को हकीकत में देख कर सैकड़ों लोगों के आखों से शबनम की तरह आंसू लरजने लगे। जब अपने इबादतों के साथ 5 वर्षीय मासुम बच्ची मेहविस तबरेज काबा जाने वाले कतार में सबसे आगे दिखी। अपने जिन्दगी को खुदा के हवाले कर देने वाली दिन दुनिया से बेखबर अल्लाह के इबादत में जिन्दगी बसर करने वाली अदना से मासूम की परवाह खुदा ने किया और अपने आगोश में बुला लिया। सैकड़ों हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काबा शरीफ जाने वाले नमाजियों से अपने लिए और दुनिया में अमन चैन कायम रखने के लिए खुदा से दुआ करने की गुजारिश के साथ अलविदा किए। मौके पर मोहम्मद जाहिद अली ,प्रकाश सिंह, दिग्विजय सिंह ,कन्हैया केशरी, तौहीद तबरेज, जावेद अख्तर, नसीम अख्तर हेदायतुल्लाह,निशात समेत दर्जनों लोगों ने जत्था को रवाना किया ।

### मुकरेड़ा ने बसडिला को हराकर कप पर जमाया कब्जा



चाणक्य भूमि। छपरा

प्रखंड के मदनसाठ गांव में आयोजित एकदिवसीय शहीद रामबाबू सिंह मेमोरियल बॉलीवाल प्रतियोगिता में मुकरेड़ा की टीम ने बसडिला को हराकर बाजी अपने नाम कर ली। विदित हो कि इस गांव में यह प्रतियोगिता शहीद रामबाबू सिंह के स्मृति में विगत 25 वर्षों से होता आ रहा है। सोमवार को सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता का बड़ी संख्या में लोगों ने आनंद उठाया। मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राणा प्रताप सिंह उर्फ डब्लु सिंह, मढ़ौरा मुखिया संघ के अध्यक्ष तथा चेयरमैन सारण डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कापरेटिव बैंक परमात्मा राय, विवेक सिंह, लोजपा नेता रौशन सिंह भवानी, स्थानीय पैक्स अध्यक्ष संतोष सिंह, घोरहट पैक्स अध्यक्ष गुडु सिंह, कुमना पैक्स अध्यक्ष विकास सिंह, मदारपुर पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## प्रत्येक अनुमंडल में दो कृषि क्लीनिक खोलने हेतु कृषि विज्ञान से स्नातक करने वालों को सरकार दे रही है अनुदान




चाणक्य भूमि। छपरा

कृषि क्लीनिक खोलने हेतु जिला में आये 24 आवेदन, मेधा सूची के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने बैठक की। कृषि विज्ञान से स्नातक लोगों द्वारा निजी रूप से कृषि क्लिनिक की स्थापना हेतु सरकार दो लाख रुपये तक अनुदान दे रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक अनुमंडल में दो-दो कृषि क्लीनिक की स्थापना हेतु लाभुकों का चयन किया जाना है। इसके लिये ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये थे।सारण जिला में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुये हैं।जिसमें सदर अनुमंडल में 19, सोनपुर में 3 तथा मढ़ौरा में 2 आवेदन शामिल हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेधा सूची निर्माण को लेकर जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। प्राप्त आवेदनों में से सभी अर्हता पूर्ण करने वाले आवेदनों के आधार पर अनुमण्डलवार मेधा सूची तैयार की जायेगी। मेधा सूची के आधार पर प्रत्येक अनुमंडल से दो लाभुकों का चयन किया जायेगा। बैठक में सहायक निदेशक उद्यान, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद की प्रेस वार्ता प्रधानमंत्री आगमन को लेकर उत्साह

चाणक्य भूमि । बेतिया ।




पश्चिमी चम्पारण के हवाई अड्डा के मैदान में आगामी 6 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं तथा कार्यक्रताओं में उत्साह की लहर देखा जा रहा है। इसी क्रम में एक निजी होटल में सोमवार की सुबह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष -सह-स्थानीय सांसद डॉक्टर संजय प्रसाद जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर बताया की स्थानीय हवाई अड्डा में करीब 2 लाख से ऊपर की भीड़ होगी जो अपने प्रिय प्रधानमंत्री के भाषणों को सुनेंगे तथा उसको आत्मसात करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक गरीब की आत्मा में बसते हैं, प्रधानमंत्री मोदी सभी देशवासी को अपना परिवार मानते है। सांसद डॉक्टर जायसवाल ने आगे कहा कि इसमें प्रधानमंत्री मोदी कई सरकारी योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। 4000 करोड़ की योजना रेलवे की है जिसका शिलान्यास किया जाएगा। जनता को इस कार्यक्रम से सौभाग्य मिल रहा है। आगामी जुलाई तक नगर के हरेक घर में पाइप से गैस पहुंचाया जाएगा। इसमें सिलेंडर ब्लास्ट का खतरा नहीं रहेगा। इसके लेकर कई परिवार रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। अभी तक नगर में 6000 से ज्यादा पाइपलाइन गैस बुकिंग हो चुका है। जो जुलाई में इसे शुरू किया जाएगा। रक्सौल में हवाई अड्डा बनने जा रहा है। जिसका पैसा भी उपलब्ध किया जा चुका है।इसमें 121 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। चम्पारण के चीनी मिलों में मक्के से इंथोल बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे जनता तथा किसानों को फायदा पहुंचेगी। वही आगामी दिवस प्रधानमंत्री के आवागमन को लेकर सांसद डॉ संजय जायसवाल ने भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर एक बैठक की तथा सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की योजना पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रवि सिंह, दीपेंद्र सर्राफ, विजय चौधरी सहित कई अन्य भाजपा जन प्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बलगम संग्रह करने का दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश**

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम- एनटीईपी कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की हुई समीक्षात्मक बैठक

चाणक्य भूमि। छपरा



राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यकम (एनटीईपी) के अंतर्गत मासिक बैठक का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र (डीटीसी) में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के उद्देश्य से टीबी मुक्त पंचायत की शत-प्रतिशत सफ़लता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं एनटीईपी कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन कर संबंधित अधिकारी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वर्ल्ड विजन इंडिया के द्वारा बताया कि टीपीटी कार्यक्रम सुचारू रूप से आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से किया जाए। इस अवसर पर डीपीएस मुकेश कुमार, एसटीएलएस कुमार अमित, एसटीएस संतोष कुमार गुप्ता और मुकेश कुमार, सहायक रत्न संजय, डीईओ अनंत कुमार, लैब टेक्नीशियन अखिलेश मिश्रा, संजय कुमार गिरि और संजेश कुमार सिंह, सिफार के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र रस्तोगी, वर्ल्ड विजन इंडिया के डीसी रणधीर कुमार, जिला पर्यवेक्षक पंकज कुमार सिंह, रीच इंडिया के डीसी अभिषेक कुमार, ट्राई इंडिया के कलस्टर हेड विकास कुमार सिंह और डीसी मनीष श्रीवास्तव, ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान के सचिव सुरेंद्र कुमार के अलावा यक्ष्मा विभाग से जुड़े जिले के सभी यक्ष्मा कर्मी यथा एसटीएस, एसटीएलएस, एलटी, बीसीजी प्रावैधिक, डिस्पेशर, यक्ष्मा सहायक सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

**टीबी मरीजों का विभागीय स्तर पर किया जाता है पर्यवेक्षण एवं निगरानीः डॉ आरपी सिंह**

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आगामी वर्ष 2025 तक पूरे देश से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी का उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसी के मद्देनजर जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में यक्ष्मा विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। क्योंकि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग अपने-अपने स्तर से टीबी मरीजों की लगातार पर्यवेक्षण और निगरानी कर रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह यक्ष्मा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बाल कृष्ण मिश्र के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आयोजनों में ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पंचायत और शहरी क्षेत्रों के वार्ड में बलगम संग्रह कर जिला यक्ष्मा केंद्र भेजना सुनिश्चित किया जाना है। ताकि अधिक से अधिक लोगों का जांच कराया जा सके। ओपीडी में आने वाले टीबी के संदिग्ध मरीजों को अनिवार्य रूप से बलगम जांच कराना सुनिश्चित करना होगाः डीपीसी यक्ष्मा विभाग के जिला योजना समन्वयक हिमांशु शेखर ने बताया कि जिले में कार्यरत बलगम वाहकों को यक्ष्मा पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर बलगम जांच में तेज़ी लाने के लिए ग्रामीण चिकित्सा कल्याण विकास संस्थान के सचिव सुरेंद्र कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। ताकि टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल किया जा सके। हालांकि इसके लिए उक्त संस्था के द्वारा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एक- एक कर्मियों को प्रतिनियुक्ति कर दिया गया है। क्योंकि स्वास्थ्य संस्थानों के ओपीडी में आने वाले टीबी के संदिग्ध मरीजों को अनिवार्य रूप से बलगम जांच कराना सुनिश्चित करना होगा।

## स्वतंत्र मीडिया परिषद में राकेश मिश्रा ने जुड़ने का जताया इक्षा



चाणक्य भूमि। बेतिया

टाइम 24 न्यूज़ के रिपोर्टर एवं स्वतंत्र मीडिया परिषद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन ने कहा कि संघ में राकेश मिश्रा का स्वागत है लेकिन संघ के अगले बोर्ड के बैठक में पदाधिकारीयो का सहमति भी जरूरी हैं। पूर्व के विवादो के घेरे में थे राकेश मिश्रा इसलिए हटे थे। बेतिया पश्चिम चम्पारण के वरिष्ठ पत्रकार राकेश मिश्रा के लिए आज भी संघ का दरवाजा खुला हुआ हैं। स्वतंत्र मीडिया परिषद केवल संघ नही है ये तो हम सभी का परिवार हैं। यहा अच्छे और सम्मानित साथियों का स्वागत है। वही राकेश मिश्रा ने बताया कि वह एक बैठक के लिए समस्तीपुर जा रहे हैं। बैठक के बाद स्वतंत्र मीडिया परिषद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन से करेंगे मुलाकात। उस मुलाकात में लगातार सभी मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा होगी। चर्चा के बाद राकेश मिश्रा करेंगे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस जिसमे सभी को देगे सूचना। साथ ही होली मिलन समारोह कार्यक्रम भी होगा। वही प्रदेश संयोजक प्रकाश सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि राकेश मिश्रा अगर संघ में जुड़ना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। वही प्रदेश महासचिव दिग्विजय नारायण सिंह ने कहा कि राकेश मिश्रा अगर फिर संघ से जुड़कर पत्रकार साथियों का आवाज़ बनना चाहते हैं तो इसका प्रस्ताव अगले बोर्ड के बैठक में रखा जायेगा।

### मशरक में जीविका दीदियों ने मतदान को लेकर निकाला जागरूकता रैली, दिलाई शपथ



चाणक्य भूमि।छपरा

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मशरक के मदारपुर, गंगौली, हनुमानगंज, डुमरसन, अरना, चांद कुदरिया में जागरूकता रैली निकाली गई और शत प्रतिशत मतदान करने और लोगों से की शपथ दिलाई गई। मौके पर जीविका के बीपीएम संजीव कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर जीविका दीदी एक महत्वपूर्ण अंग है जो समाज को बांधने का काम करती है। सभी घर घर जाकर मतदान के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। सभी को समझना चाहिए कि मतदान के दिन परिवार के सभी लोग अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। जागरूक के दौरान सभी ने मतदान करानें की शपथ ली।

### मारपीट में जख्मी किशोरी की बिगड़ी तबीयत, छपरा रेफर

चाणक्य भूमि। छपरा

पानापुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में शनिवार की दोपहर मारपीट में घायल किशोरी की स्थिति गंभीर देख सोमवार को चिकित्सकों ने छपरा रेफर कर दिया। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चुन्नीलाल राम की 18 वर्षीया पुत्री पुतुल कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। परिजन उसका गांव में ही निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे। स्थिति खराब होने पर सोमवार को परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाए जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद उसे छपरा रेफर कर दिया।

## छपरा के लाल ने 14वीं जूनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग फिजिक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर किया जिले का नाम रौशन

चाणक्य भूमि। छपरा




छपरा के लाल ने 14वीं जूनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग फिजिक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय पदक जीते खिलाड़ी ठाकुर आकाश कुमार सिंह को खेल विभाग के प्रधान सचिव बी राजेंद्र प्रधान एवं पूर्व विधान पार्षद सह न्यू बिहार बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिटनेश एसोशिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ रणवीर नंदन ने सम्मानित किया है। बताते चलें कि ठाकुर आकाश कुमार सिंह छपरा के निवासी हैं। जिनको 14वीं जूनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग फिजिक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिला है।

इस मौके पर खेल विभाग के प्रधान सचिव व एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक ने उनको गोल्ड मेडल लाने पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। इसके साथ ही न्यू बिहार बॉडी बल्डिंग एण्ड फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सुंदर सचिव विजय कुमार, उप सचिव उपेंद्र कुमार एवं ट्रेजरर सुनील कुमार सिंह ने भी उनकी जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# सुरक्षा नियमों का पालन करने से नही होगी दुर्घटना:जीएम इंजीनियरिंग

चाणक्य भूमि(कनकलता)

» श्रमिकों,कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने सुरक्षा का लिया संकल्प
» अग्निशमन का उपयोग व स्वास्थ्य जांच शिविर का होगा आयोजन





**बेतिया**।राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर शुगर इंडस्ट्रीज के महाप्रवंधक (यांत्रिकी) संतोष कुमार ने 53 वां सुरक्षा दिवस पर कहा कि सुरक्षा नियमो का पालन हो तो दुर्घटनाएं नहीं होगी।उन्होंने कहा कि दुर्घटनायें तथा बीमारियां राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल बनाती है।कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरण के उपयोग पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि काम करते समय जुता ,हेलमेट,सेफ्टी बेल्ट,दास्ताना आदि के उपयोग करना चाहिये।इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराया ,तथा सुरक्षा एवम स्वास्थ्य के प्रति श्रमिको तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई।इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता सेफ्टी ऑफिसर गोविंद कुमार चौधरी ने की।उन्होंने एक -एक कर सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी दी।उन्होंने सतर्कता गयी,दुर्घटना हुई, का नारा दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सप्ताह 04 मार्च से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेगा।जिला से इस दौरान अग्निशमन पदाधिकारी की टीम आएगी जो विभिन्न प्रकार के अगलगी से बचाव का टिप्स देगी।इसके अलावे स्वास्थ्य जांच शिविर और बच्चो का ड्राइंग प्रतियोगिता आहुत किया जायेगा।प्रतिभागियों को प्रवंधन द्वारा पुरस्कृत। किया जायेगा। महाप्रवंधक प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे ने सेफ्टी के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा की जानकारी दी।वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग पर पाबंदी लगाने की बात कही।इस अवसर पर वरीय प्रवन्धक मानव संसाधन रमाकांत मिश्रा,सीनियर मैनेजर डिस्टिलरी प्रदीप कुमार शुक्ला,सेफ्टी ऑफिसर गोविंद चौधरी, ऑफिसर टाइम ऑफिसएस पी श्रीवास्तव, बॉयलर इंजीनियर हरि मोहन सिंह,इंजीनियर कृष्णा कुमार, सिविल ऑफिसर विजय कुमार पांडेय,वेल्डर अनिल कुमार पाल,एसीएम राजेश कुमार,आफिस सुपरिन्टेन्डेन्ट प्रभात तिवारी,टुनटुन तिवारी समेत भारी संख्या में श्रमिक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मोदी बेहतर परंतु उनके नुमाइंदे सिर्फ उनके नाम पर चुनाव जीतते हैं-पुण्य देव

चाणक्य भूमि। बेतिया



**बेतिया**। एक ओर जहां 6 मार्च भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेतिया में आगमन है और इसकी तैयारी जिला प्रशासन के साथ एनडीए कार्यकर्ता और पदाधिकारी शुरू भी कर दिया है और आम जनता में माननीय प्रधानमंत्री को सुनने और देखने के लिए ललाईत है इसी क्रम में नौतन प्रखंड क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं क्रांतिकारी विचारधारा के वरिष्ठ नेता अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश में नरेंद्र मोदी बेहतर काम कर रहे हैं जिसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती लेकिन उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि उनके नाम पर जीते जनप्रतिनिधि आम जनता के साथ विकास के नाम पर सिर्फ छलाव किये है 5 वर्ष के भीतर यह जीते हुए जनप्रतिनिधि कभी भी जनता का सुख-दुख का हाल जानने कि कोशिश नहीं किये है तथा आम जनता की समस्याओं को बराबर नजरअंदाज करते हुए चलें आ रहें और चुनाव के समय भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री का नाम भुना कर चुनाव जीतते आ रहे अगर चुनाव जीते प्रतिनिधि आम जनता की समस्याओं सुनते और उसे पर अमल करते तो शायद माननीय प्रधानमंत्री के नाम कि उन्हें आवश्यकता ही नहीं पड़ती जहां नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं ऐसी हालत में उनके नुमाइंदे सिर्फ मोदी मोदी जप कर अपना उललू साधने में लगे रहते हैं कि एक बार पुनः उन्हें पाटी अपना उम्मीदवार बनाये ऐसे लोगों को उम्मीदवार बनाने से पहले पार्टी को भी चाहिए उनके बारे में जनता कि क्या सोच है आखिरकार जनता क्या चाहती है आखिर कब तक ऐ लोगो मोदी के नाम का सहारा लेंगे जब क्षेत्र में काम करेंगे जनता के साथ क़दम क़दम मिलाकर चलेंगे तो इसका परिणाम और बेहतर ही होगा पर ऐसे लोगों में यह विचार धारा ही नहीं मौके पर जगदीश राम, जितेंद्र प्रसाद, ध्रुव प्रसाद कुशवाहा, अमरेन्द्र सिंह, शिवकुमार द्विवेदी, विभूति नारायण राय, जयप्रकाश सिंह कुशवाहा, प्रभात श्रीवास्तव, दीपू कुमार यादव, इंजीनियर धर्मेश कुमार, ओंकार सिंह, डा एके मौर्य, डॉक्टर उमाशंकर प्रसाद, डॉ वीरेंद्र कुमार, इकबाल सिंह, नन्द प्रसाद कुशवाहा, शिवकुमार द्विवेदी, मुन्ना महतो, महेंद्र पटेल, प्रोफेसर कुलेश्वर यादव, उपेंद्र पासवान, केशव कुमार तिवारी, मनजीत वर्णवाल,मो कलाम, विनोद कुशवाहा, गोपाल जी प्रसाद कुशवाहा, जगदीश प्रसाद कुशवाहा, उद्धव सिंह आदि मौजूद रहे

# मोतिहारी में जाली नोट की बड़ी खेप बरामद

चाणक्य भूमि। मोतिहारी।

» दो तस्कर को मोतिहारी पुलिस ने घर दबोचा है जिनके पास से बड़ी मात्रा मे जाली नोट बरामद किये गये है साथ ही इनके पास से 104 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई है

**मोतिहारी** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पूर्वी चंपारण जिला के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित हरैया ओपी क्षेत्र से पुलिस ने जाली नोट के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से स्मैक और बड़ी मात्रा में जाली नोट बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में हरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला जय आलम हवारी और आदापुर थाना क्षेत्र का रहने वाला आस मोहम्मद शामिल है। गिरफ्तार आस मोहम्मद जाली नोट की तस्करी काफी समय से कर रहा है। जिससे पूलिस पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार तस्करों के पास से 500 रुपया के 81 पीस जाली नोट बरामद हुआ है। गिरफ्तार तस्कर का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। यही नहीं वह दो बार जाली नोट की बड़ी खेप के साथ पकड़े जाने पर जेल भी जा चुका है। फिर भी वह इस धंधे से बाज नहीं आ रहा है। एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा ने बताया कि, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीमाई क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर जाली नोट के दूसरे तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 40 हजार 500 मूल्य के पांच सौ के जाली नोट के साथ 104 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। ''गिरफ्तार एक अपराधी आस मोहम्मद को इसके पूर्व दिल्ली क्राइम ब्रांच ने वर्ष 2010 और आदापुर पुलिस ने 2020 में जाली नोट के बड़े खेप के साथ गिरफ्तार किया था। आदापुर थाना क्षेत्र से वह दो लाख के जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# बेतिया नगर थाने में शांति समिति की बैठक



चाणक्य भूमि। बेतिया

सोमवार को नगर थाना परिसर में आगामी शिवरात्रि महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मे समाज के सभी वर्गों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि कैसे इस त्योहार को शान्तिपूर्वक मना सकते है। सभी जनप्रतिनिधियों ने विश्वास दिलाया कि इस त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के हर संभव कोशिश की जायेगी।

# वार्ड 17 अंतर्गत ऐतिहासिक हजारी मल धर्मशाला परिसर में आयोजित हुआ शिविर

चाणक्य भूमि। बेतिया

- आयुष्मान भारत योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के कुल करीब एक लाख राशन कार्ड धारकों का बनेगा गोल्डन कार्ड:गरिमा
- नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 17 अंतर्गत ऐतिहासिक हजारी मल धर्मशाला परिसर में आयोजित विशेष शिविर का महापौर ने किया उद्घाटन
- टॉल फ्री नंबर 104 पर कॉल कर ली जा सकती है जानकारी, गोल्डन कार्ड बनाने के लिए सरकार ने दी है सीएससी संचालकों को विशेष जिम्मेदारी



नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 17 में स्थित ऐतिहासिक हजारी मल धर्मशाला परिसर में रविवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयोजित गोल्डन कार्ड बनाने के विशेष शिविर का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की आम जनता को सरकार से उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। अब केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त निर्णय से सभी राशन कार्ड धारकों का आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत गोल्डन कार्ड बनाने का अभियान शुरू किया गया है। ताकि प्रत्येक लक्षित अर्थात राशन कार्ड धारक व उनके परिजन पांच लाख रुपए तक की इलाज सुविधा निःशुल्क प्राप्त कर सकें। इसके लिए दो मार्च से ही अपने पूरे जिले के साथ सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानों के पास विशेष शिविर लगाना शुरू किया गया है। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के आलोक में महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के कुल करीब एक लाख राशन कार्ड धारकों का गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थियों के डेटाबेस में राशन कार्ड धारकों का निबंधन है, इसलिए गोल्डन कार्ड से वंचित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करते हुए इसका संचालन आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ एकीकृत प्लेटफार्म पर किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई हुई है। इसके बाद मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के लाभुकों का गोल्डन कार्ड बनाया जाना है। इसकी प्रक्रिया भी इसी अभियान के साथ शुरू हो चुकी है। महापौर ने बताया कि निःशुल्क इलाज और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जिन आवश्यक कागजात की जरूरत होगी, उनमें पारिवारिक पहचान के लिए राशन कार्ड या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थी परिवार के नाम भेजा पत्र अथवा व्यक्तिगत पहचान के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि इस विषय पर अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 104 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि कार्ड बनाने के लिए सरकार द्वारा सीएससी संचालकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत दो मार्च को विशेष अभियान के तहत कैंप लगाया जाएगा। इसके बाद सीएससी संचालकों के सेंटर पर नियमित रूप से कार्ड बनाए जाएंगे।

# चमकी पर 172 मेडिकल ऑफिसरों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**सोमवार को एसकेएमसीएच में पहले बैच में 46 चिकित्सकों को किया गया प्रशिक्षित 15 मार्च तक सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम की करनी है स्थापना**

चाणक्य भूमि । मुजफ्फरपुर



मौसम के करवट लेते ही स्वास्थ्य विभाग की चमकी पर तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इसी क्रम में सोमवार को एसकेएमसीएच में चार दिवसीय मेडिकल ऑफिसर का प्रशिक्षण की शुरुआत हो गयी। इन चार दिनों में कुल 172 एमओ को नए एसओपी के अनुसार चमकी पर प्रशिक्षण मिलेगा। पहले दिन कुल 46 चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कर्यक्रम की अध्यक्षता एसकेएमसीएच की प्रिंसिपल डॉ आभा सिन्हा ने की। एसकेएमसीएच शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ गोपाल शंकर साहनी ने बताया कि यह प्रशिक्षण चिकित्सकों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। इससे उन्हें प्राथमिक स्तर पर चमकी पीड़ितों को स्टेबल करने में मदद मिलेगी,जिससे पीड़ितों के जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होगी। चिकित्सकों को बताया गया कि किसी भी हालत में पीड़ित को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही स्टेबल कर लेना है। किसी भी तरह के बुखार या चमकी के लक्षणों से मिलते जुलते लक्षण में तत्काल उपचार शुरू कर देना है। यह प्रशिक्षण विशेषतः चमकी मरीजों के उपचार से लेकर प्रबंधन तक की सीख एमओ को देगा। सभी चिकित्सकों को बताया गया कि नए एसओपी में शामिल दवाओं और तरीकों के माध्यम से ही मरीजों का उपचार करना है। वहीं जिला भीबीडीसी पदाधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि सभी प्रखंडों को 10 से 15 मार्च तक का समय कंट्रोल रूम के संचालन के शुभारंभ के लिए दे दिया गया है। वहीं आवश्यक दवाओं और उपकरणों को भी ससमय पूरा कर लेने का आदेश दे दिया गया है। अभी तक इस वर्ष सकरा के एक बच्चे में एईएस की पुष्टि हुई थी, वह पूर्ण रूप से स्वस्थ्य होकर अपने घर जा चूका है।

































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266